वाहन चालकों पर सिलावद पुलिस की सख्त कार्रवाई

▸ 11 वाहन चालकों पर माननीय न्यायालय ने लगाया 98700 रूपए का जुर्माना

बड़वानी, (नवभारत)। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन, एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी महेश सुनैया के मार्गदर्शन में सिलावद पुलिस द्वारा ओवरलोडिंग, बिना वैध दस्तावेजों के संचालन तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 11 वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।

एक सख्त संदेश है यह कार्रवाई

थाना प्रभारी सिलावद निरीक्षक रामकृष्ण लोवंशी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के बाद संबंधित प्रकरण माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किए गए, जहां सुनवाई के बाद 11 वाहन चालकों पर 98700 रूपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया। यह कार्रवाई यातायात नियमों के प्रति लापरवाही बरतने वालों के लिए एक सख्त संदेश है।

नियमों का पालन करने की समझाईश

सिलावद पुलिस ने बताया कि ओवरलोडिंग न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। ऐसे में वाहन चालकों को निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी या भार लेकर वाहन नहीं चलाने तथा सभी यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी गई।

पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

सुरक्षित यातायात ही सुरक्षित जीवन का आधार

नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और आमजन को सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। पुलिस ने अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करे, ओवरलोडिंग से बचे तथा सुरक्षित यात्रा को प्राथमिकता दे। सुरक्षित यातायात ही सुरक्षित जीवन का आधार है।

क्षेत्र में दो जगह दरवाजों के नकूचे टूटे

▸ मौके पर पहुंची पुलिस
▸ चोरों की तलाश जारी

पानसेमल, (नवभारत)। थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने 2 अलग-अलग स्थानों पर नकूचे टुटने की वारदात को अंजाम दिया है। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और जांच शुरू की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मातृ-पितृ कॉलोनी में कैलाश नामदेव जगदाले के निवास पर अज्ञात बदमाशों ने मेन गेट पर लगे ताले को तोड़कर दरवाजे का नकूचा काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। यहां बदमाशों ने कीमती जेवर और नगदी पर हाथ साफ किया है। वहीं दूसरी चोरी की वारदात मिट्ठू सेठ कॉलोनी में हुई, जहां संदीप कड़ोले के घर से दरवाजे का नकूचा काटा है।

सूचना के बाद मौके पर थाना प्रभारी विजय रावत प्रधान आरक्षक भीमसिंह रावत, डॉग स्क्वायड, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट एवं पुलिस टीम के साथ पहुंचे थे। जिसके बाद एफआरवी वाहन भी पहुंचा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और विवेचना शुरू कर दी है।

चोरी की वारदात में कैलाश नामदेव जगदाले के घर से नगदी राशि एवं सोने के जेवर तथा संदीप कड़ोले के दरवाजे का नकूचा काटा गया है। वहां से लैपटॉप चोरी होने की बात सामने आई है। जिसकी जांच जारी है। एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें करीब 3 से 4 संदिग्ध लोग दिखाई दे रहे हैं। फिलहाल पुलिस द्वारा घटना की जांच जारी है।

एक नजर में
18076 बच्चों को पिलाई पोलिया की दवाई

पानसेमल। तीन दिनों तक चलने वाले पोलियो अभियान के तहत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में 0 से 5 वर्षों के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। नगर के बस स्टैंड सहित ग्राम जलगोन, मोयदा, दोदवाडा, बंधारा, आमदा एवं अन्य स्थानों पर 206 स्वास्थ्य कर्मियों ने पोलियो की दवाई पिलाई। जलगोन लक्ष्मीनारायण मंदिर के निकट पंच किशन जगताप ने देव किशन जगताप को दवाई पिलाकर अभियान की शुरूआत की। सीएचओ प्रेमलता दिलीप पवार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता माली, आशा कार्यकर्ता सुनीता भंडारी ने करीब 36 बच्चों को दवाई पिलाई तथा परिवारों को जागरूक किया जा रहा है। डॉ राजेश ढोले ने बताया कि सीएचसी के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष 30400 बच्चों का लक्ष्य है। अभियान के दौरान 3 दिनों में 204 स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा किया जाना है। जिसमें बी टीम 135 एवं सी टीम 58 तथा ट्रांजिट पॉइंट 8 टीम एवं मोबाइल टीम 3 है। साथ ही टीमों की मॉनिटरिंग के लिए 21 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए। सभी के सहयोग से अभियान में पोलियो ड्रॉप पिलाने का कार्य किया जाएगा। शाम 5 बजे तक 18076 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई जा चुकी थी।

सेफ क्लिक 2 .0 अभियान के तहत कार्यक्रम

▸ हाट बाजार में आमजनों को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

बड़वानी, (नवभारत)। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशभर में संचालित सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन, एएसपी धीरज बब्बर एवं डीएसपी महेश सुनैया के मार्गदर्शन में साइबर सेल द्वारा हाट बाजार क्षेत्र में साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आमजनों को ऑनलाईन ठगी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया फ्रॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी शेयरिंग, संदिग्ध लिंक एवं फर्जी ऐप से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

साथ ही पुलिस द्वारा लोगों को साइबर सुरक्षा के उपाय बताए गए तथा जागरूकता पाम्प्लेट भी वितरित किए गए। पुलिस ने आमजनों से अपील की कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, बैंक खाता विवरण, एटीएम पिन, सीवीवी, पासवर्ड या अन्य गोपनीय जानकारी सांझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या एप पर भरोसा न करें और किसी भी तरह की ऑनलाईन ठगी की स्थिति में तुरंत सतर्क होकर कार्रवाई करें। साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हैल्पलाईन 1930 पर शिकायत दर्ज करें या निकटतम पुलिस थाने में सूचना दे।

30 जून को होगा रोजगार मेले का आयोजन

बड़वानी। मध्यप्रदेश शासन की रोजगारोन्मुखी योजनान्तर्गत कलेक्टर जयति सिंह के मार्गदर्शन में बेरोजगार आवेदकों को रोजगार मुहैया कराने के लिए 30 जून को सुबह 11 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था परिसर बड़वानी में युवा संगम (रोजगार मेला) का आयोजन किया जाएगा। मेले में निजी क्षेत्र की 3 कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा बेरोजगार आवेदकों का साक्षात्कार के बाद चयन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी टीएस डूडवे ने बताया कि इच्छुक बेरोजगार आवेदक नियत दिनांक, स्थान पर अपने मूल अभिलेख अंकसूची, आधार कार्ड, समग्र आईडी, पासपोर्ट फोटो के साथ रोजगार मेले में भाग ले सकते है।

इंदौर में खेल सकते हैं बड़वानी जिले के खिलाड़ी

बड़वानी। मप्र राज्य खेल अकादमी चयन ट्रायल खेलो हॉकी, बैडमिन्टन एवं ताईक्वांडो में इन्दौर में होगा। राज्य खेल अकादमी पर चयन होने से खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय खेल प्रशिक्षण की सुविधा एवं राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर टूर्नामेंट एक्सपोजर मिलेगा। हॉकी (महिला) का चयन ट्रायल 1 जुलाई को चिमनबाग मैदान में होगा। वहीं बैडमिन्टन का चयन ट्रायल 1 व 2 जुलाई को नेहरू स्टेडियम तथा ताईक्वांडो का चयन ट्रायल 5 जुलाई को कैजन मार्शल आर्ट 110 केशर बाग कॉलोनी स्कीम 103 इन्दौर में किया जाएगा। खेलों के लिए पंजीयन सुबह 9 से 10 बजे होगा। जिला खेलअधिकारी ने बताया कि प्रतिभा चयन ट्रायल के समय खिलाड़ियों को आयु, मूल निवासी, निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं संबंधित खेल प्रमाण पत्र हो तो लाना अनिवार्य होगा।

क्षेत्र में शनिवार देर शाम हुई बारिश, बाज़ार में रही रौनक

▸ किसानों ने की बीजों की खरीदी, गर्मी से कुछ राहत

पानसेमल, (आरएनएन)। क्षेत्र में शनिवार देर शाम हुई बारिश के बाद रविवार को हाट बाजार का दिन होने से अच्छी भीड़ रही। किसानों द्वारा बीजों की खरीदी की गई। वर्षा के दौरान गर्मी से कुछ राहत तो मिली, लेकिन रविवार का दिन उमस भरा रहा। न्यूनतम तापमान 27 से 28 डिग्री सेल्सियस तो अधिकतम 31 से 32 डिग्री सेल्सियस रहा। जिन किसानों की पहले बोवनी हो गई है, उन्होंने राहत की सांस ली है। जबकि कुछ किसान अब बोवनी करेंगे। रविवार को आम की भी आवक अच्छी रही। देर शाम तक बिजली की आंख मिचौली भी चलती रही।

तिरपाल एवं प्लास्टिक की दुकानों पर रही भीड़

बाजार में देशी आमों के साथ ही कच्ची केरी की खरीदी हुई। वहीं कच्चे मकानों एवं सामग्री को बारिश से बचाने के लिए तिरपाल एवं प्लास्टिक की दुकानों पर भी भीड़ नजर आई।

एक नजर में
16332 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य

बाकानेर। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत रविवार को बाकानेर ब्लॉक में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। यह अभियान मंगलवार तक चलेगा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. कुलदीप नाग ने बताया कि अभियान के तहत पूरे ब्लॉक में *202 केंद्र* बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर *408 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं* की टीम तैनात की गई है। अभियान का लक्ष्य ब्लॉक के कुल *16332 बच्चों* को पोलियो की खुराक पिलाना है। डॉ. नाग ने कहा कि पोलियो एक घातक बीमारी है, लेकिन इसकी रोकथाम केवल 2 बूंद दवा से संभव है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि छूटे हुए बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी या मोबाइल टीम के माध्यम से 2 बूंद दवा अवश्य पिलाएं। अभियान के पहले दिन बस स्टैंड, , बाजार और ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए बूथों पर बच्चों की भारी भीड़ देखी गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर भी छूटे हुए बच्चों को चिन्हित कर दवा पिलाएगी। बाकानेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर ब्रह्मराज कौशल ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ कियाइस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा सहयोगिनी मौजूद रहीं।

मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 के फाइनल में पहुंचीं आलीराजपुर की बेटी श्रेया बेड़िया, इंदौर में स्वागत

आलीराजपुर। आलीराजपुर के प्रतिष्ठित बेड़िया परिवार की प्रतिभाशाली बेटी श्रेया बेड़िया ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 के फाइनल में स्थान बनाकर न केवल अपने परिवार, बल्कि आलीराजपुर, इंदौर और पूरे मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया है। फाइनलिस्ट बनने के बाद पहली बार इंदौर पहुंचीं श्रेया का देवी अहिल्याबाई होल्कर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर ढोल-ताशों, फूलमालाओं और उत्साहपूर्ण नारों के बीच भव्य स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने इस उपलब्धि को प्रदेश के लिए गर्व का क्षण बताया।श्रेया, आलीराजपुर के स्वर्गीय श्री मिश्रीलाल लालचंद बेड़िया परिवार की पुत्री एवं इंदौर निवासी गोविंद बेड़िया एवं नीलम बेड़िया की सुपुत्री हैं। वे आलीराजपुर निवासी कृष्णकांत बेड़िया, चेतन बेड़िया एवं अर्पित बेड़िया की भतीजी हैं। उनकी सफलता से पूरे बेड़िया परिवार सहित आलीराजपुर जिले में हर्ष का वातावरण है।श्रेया ने अपनी स्कूली एवं उच्च शिक्षा इंदौर में प्राप्त की। अध्ययन के दौरान ही फैशन एवं मॉडलिंग के क्षेत्र में रुचि विकसित हुई। अपने सपनों को साकार करने के लिए उन्होंने दिल्ली का रुख किया और कठिन परिश्रम, अनुशासन, समर्पण तथा आत्मविश्वास के बल पर राष्ट्रीय मंच तक अपनी पहचान बनाई। अब वे दिल्ली में आयोजित होने वाले मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 के अंतिम चरण में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।इंदौर आगमन पर श्रेया ने कहा कि अपने शहर लौटकर मिला अपार स्नेह और सम्मान उनके लिए अत्यंत भावुक क्षण है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति के भीतर कुछ कर दिखाने का जुनून हो तो कोई भी सपना असंभव नहीं होता। प्रत्येक युवा को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं माननी चाहिए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता गोविंद बेड़िया एवं नीलम बेड़िया तथा परिवार के विश्वास और सहयोग को देते हुए कहा कि उनके प्रोत्साहन के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। अब उनका लक्ष्य राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 का ताज अपने नाम करना है।श्रेया की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर नगर माहेश्वरी समाज, जिला माहेश्वरी समाज, नगर एवं जिला माहेश्वरी महिला मंडल, माहेश्वरी वधु मंडल, माहेश्वरी मित्र मंडल, जागरूक नागरिक मंच, सामाजिक संगठनों, मीडिया एवं पत्रकार साथियों ने बेड़िया परिवार और श्रेया को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विजेता बनने की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।यह उपलब्धि इस बात का प्रेरक उदाहरण है कि छोटे शहरों की प्रतिभाएं भी अपने संकल्प, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान स्थापित कर सकती हैं।

पिलाई बच्चों को दो बूंद जिंदगी की

पेटलावद। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत आज रविवार 28 जून को पूरे देश में विभिन्न पोलियो बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंदें पिलाई गईं। केबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया, झाबुआ कलेक्टर डा योगेश तुकाराम भरसट ने जिले स्तर पर बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई

वही पेटलावद क्षेत्र के चिकित्सा विभाग ,परियोजना विभाग ओर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी अपने अपने केंदों ओर चिन्हित पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई परियोजना अधिकारी पेटलावद अजय तिवारी ने नगर ओर ग्रामीण क्षेत्रो का दौरा किया ओर वार्ड 13 राजपुरा, राममोहल्ला, वार्ड 14 के रंगरेज गली के संयुक्त बूथ पर अलसुबह पहुंचकर ओर वार्ड अभियान का शुभारंभ करते हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई।इस अवसर पर

स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने बूथों पर पहुंचकर बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई तथा अभिभावकों को नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। अभियान को सफल बनाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कर्मचारी सक्रिय रूप से जुटे रहे। खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक दिलाना आवश्यक है।

सिंचाई की मोटरें चोरी की घटना का पर्दाफाश

बाग . 23 जून को फरियादी रविन्द्र ने रिपोर्ट किया कि दिनांक 18/06/26 को रात करीबन 10.00 बजे खेत में फसल को पानी देकर बाघनी नदी पर मेरी सिचाई वाली मोटर 7.5 ॥क्क किमती करीबन 23 हजार रुपये को कोई अज्ञात बदमाश पनडुब्बी मोटर को चुराकर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना बाग पर अपराध क्रमांक 221/26 धारा 303 (2) बीएनएस. का कायम कर विवेचना में लिया गया।

सचिन शर्मा पुलिस अधीक्षक धार ने सम्पति संबंधी अपराधों में अज्ञात बदमाशों व चोरी मनुका को शीघ्र बरामद कर बदमाशों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त

पुलिस अधीक्षक विजय डावर, एसडीओपी सुनील गुप्ता के मार्गदर्शन में चोरी गई मश्रुका बरामद करने एवं अज्ञात आरोपियो को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतू निर्देशित करने पर थाना प्रभारी बाग निरीक्षक कैलाश चौहान के नेतृत्व में टीम गठित कर अज्ञात आरोपियों को शीघ्र पकडकने के निर्देश प्राप्त होने पर अज्ञात आरोपियो की तलाश के दौरान मुखबीर द्वारा सूचना पर पुलिस द्वारा त्वरीत कार्यवाही करते हुए संदेही मुकेश पिता जामसिंह डोडवे जाति भिलाला उम्र 26 वर्ष निवासी जामनियापुरा व महेश पिता चमसिंह सोलंकी जाति भीलाला उम्र 20 वर्ष निवासी जामनियापुरा को पकडकर उनसे पुछताछ करते बाघनी नदी से पानी के मोटर पम्प चोरी करना व एक मोटर अपने जीजा को बेच देना स्वीकार करने पर आरोपीयो को गिरफ्तार कर आरोपीयो से एक मोटर पम्प 7.5 ॥क्क जप्त किया गया। आरोपियो को माननीय न्यायालय से पीआर प्राप्त कर आरोपियो के जीजा गुलाब पिता बोन्दरसिह भीलाला निवासी जामनियापुरा को गिरफ्तार कर आरोपी से एक पनडुब्बी मोटर जप्त की गई।

एमएसएमई ने जीएसटी सुधारों का समर्थन किया

इंदौर भारत के आर्थिक विकास, निर्यात और रोजगार को गति देने में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका बनी हुई है. ऐसे में, जीएसटी को लेकर उनके दृष्टिकोण में भी बदलाव आया है, यह अनुपालन की अनिवार्यता से बढ़कर अब औपचारिकता और परिचालन दक्षता को बढ़ावा देने वाला माध्यम बन गया है. डेलॉइट इंडिया के जीएसटी-9 सर्वे : द नेक्स्ट फेज़-जीएसटी 2.0 के अनुसार, एमएसएमई अब अपनाने से आगे बढ़कर अनुकूलन की ओर देख रहे हैं. सर्वे के निष्कर्ष नकदी में सुधार और अनुपालन को सरल बनाने के उद्देश्य से किए गए सुधारों के लिए मजबूत समर्थन दर्शाते हैं. लगभग 89 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने विलंबित जीएसटी रिफंड और प्री-डिपॉजिट पर ब्याज के स्वतः भुगतान का समर्थन किया,

कुक्षी व बघेल के परिवार से मेरा पारिवारिक रिश्ता : दिग्विजयसिंह

कुक्षी। मनावर विधायक डॉ. हीरालाल अलावा के यहाँ आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने रविवार शाम पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह कुक्षी पहुँचे। कुक्षी आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने विधायक सुरेंद्र सिंह हनी बघेल के कार्यालय, सर्किट हाउस और कुक्षी प्रवेश द्वार ग्राम आली पर उनका भव्य स्वागत किया।

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने करीब डेढ़ घंटे तक स्थानीय कार्यकर्ताओं से वर्तमान राजनीतिक हालातों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दिग्विजय सिंह ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल को याद किया और पूर्व मंत्री स्वर्गीय प्रताप सिंह बघेल व वर्तमान विधायक हनी बघेल के साथ अपने पुराने पारिवारिक संबंधों का विशेष रूप से उल्लेख किया।

दिग्विजय एवं कांग्रेस नेता राजेंद्र राठौर की हुई एकांत में चर्चा : कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण अंचलों सहित कुक्षी नगर के कांग्रेस जनों ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत कर क्षेत्र में कांग्रेस की वर्तमान स्थिति पर फीडबैक दिया। इस बीच कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव राजेंद्र सिंह राठौर ने दिग्विजय सिंह से एकांत में भेंट कर वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर खुलकर चर्चा की।दिग्विजय सिंह के स्वागत के दौरान पूर्व सांसद कांतिलाल भूरिया, विधायक विक्रांत भूरिया और पूर्व विधायक मुकेश पटेल भी उनके साथ उपस्थित रहे।

स्थानीय नेताओं में हरीश सेन, सहदेव पाटीदार, शेख सब्बर बोहरा, गणु दरबार, सन्तु पाटीदार, डॉ. निर्मल पाटीदार, संजय पांडे, विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र गुप्ता, राजेंद्र पाटीदार, सुखदेव पाटीदार और लोकेंद्र सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण जन मौजूद थे।

प्लास्टिक रीसाइक्लिंग एवं सस्टेनेबिलिटी पर वैश्विक सम्मेलन

इंदौर. लगभग 30,000 करोड़ रुपये के वर्तमान मूल्य वाले भारत के प्लास्टिक रीसाइक्लिंग उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में ग्लोबल कॉन्फ्रेंस एंड एग्ज़ीबिशन ऑन प्लास्टिक रीसाइक्लिंग एंड सस्टेनेबिलिटी (जीसीपीआरएस 2026) के तीसरे संस्करण का आयोजन 2 से 5 जुलाई तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जाएगा. लगभग 80 वर्षों से देशभर में कार्यरत शीर्ष उद्योग संगठन ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एआईपीएमए) द्वारा आयोजित इस चार दिवसीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी को रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, नीति आयोग तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय का सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त है.

आलीराजपुर जिले के 1 .46 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

आलीराजपुर, 28 जून 2026।* जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को बीजेपी जिला अध्यक्ष एवं कलेक्टर नीतू माथुर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। अभियान का शुभारंभ अतिथियों ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया तथा जिलेवासियों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अतुलकर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मदन सिंह गडारिया, शहरी क्षेत्र नोडल अधिकारी डॉ. सचिन पाटीदार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर नीतू माथुर ने कहा कि पोलियो उन्मूलन में

जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। उन्होंने नागरिकों से अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया। सीएमएचओ डॉ. राजेश अतुलकर ने बताया कि बूथ दिवस के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी.

ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत उर्वरक वितरण संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

आलीराजपुर,। जिले के कृषकों को ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत उर्वरक वितरण संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने बताया कि ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत खाद वितरण एवं अन्य तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए विकासखंडवार हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से किसान अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकते हैं। विकासखंड आलीराजपुर के लिए एसएस बघेल (7400982208, 9406873484), श्री मिथुन अवस्या (9993678410) एवं दयानंद झिल्वे (7509793769) से संपर्क किया जा सकता है। विकासखंड स्तर पर समस्या का समाधान नहीं होता है, तो अनुभाग स्तर पर मोबाइल नंबर 9754106475 पर सूचना दी जा सकती है।विकासखंड सोंडवा के लिए श्री शांतिलाल अलावा (9179440654), महेन्द्रसिंह भामोर (8717960621) को नियुक्त किया.

एक नजर में ▸ सरदारपुर विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी पंचायत दसई में बस स्टैंड पर नहीं है शौचालय

बस स्टैंड पर शुलभ काम्पलेक्स के अभाव में भटकते यात्रीगण

सरदारपुर । दसाई सरदारपुर विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत दसाई जहाँ एक बहुत बड़ा व्यापार ,मंडी, स्वास्थ्य, शिक्षा, बैंक ,सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चौकी आदि का केन्द्र बिंदु होने के बावजूद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस असुविधा से कोई लेना देना नहीं है क्योंकि उन्हें संबंध निभाना है। एक तरफ सरकार स्वच्छता अभियान चला कर खूब वाही-वाही लूटी जाती है लेकिन जमीनी हकीकत हम आपको बताते हैं सरदारपुर विधानसभा क्षेत्र के सबसे बड़ी ग्राम पंचायत दसाई की जहां रोज हजारों लोगों

का आना-जाना लगा रहता है वह पर एक सार्वजनिक शौचालय का अभाव साथ ही उन्हें पीने के कोई पानी की व्यवस्था इससे आने वाले यात्री गणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है खासकर गर्मी के सीजन में भी अगर पीने के पानी की व्यवस्था नहीं होना लोगों के द्वारा प्याऊ बनाकर पानी पिलाया जाता है

बस स्टैंड के नाम से पूर्व में भी बना एक सुलभ कंपलेक्स- पूर्व में भी एक बस स्टैंड के नाम से बना सुलभ कंपलेक्स किसी अन्य जगहों पर निर्माण किया गया था आज उसकी वास्तविक स्थितियों है कि वह पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो चुका है

ग्रामीणों का आरोप.- नाम नहीं लिखने की शर्त पर एक ग्रामीण ने बताया कि मैं शौचालय को लेकर कई बार शिकायत पंचायत व जनप्रतिनिधि को कर चुका हूं इसके बाद क्षेत्र के विधायक प्रताप ग्रेवाल भी मौके पर अवलोकन कर चुके हैं लेकिन समस्या आज भी ऐसी ही बनी हुई है अभी कुछ दिन पूर्व भी विधायक साहब बस स्टैंड पर आए थे व कई ग्रामीणों के द्वारा इस समस्या को विधायक जी के सामने रखा था उन्होंने कहा था तुम्हारी समस्या को लेकर मैंने सरपंच व सचिव को बोल दिया है जल्द से जल्द तुम्हारी समस्या का समाधान हो जाएगा और अगर समस्या का समाधान नहीं होता हैतो सरपंच सचिव की, खेर नहीं ग्राम पंचायत दसई में में बड़े-बड़े विकास कार्य चल रहे हैं इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन कार्यों,में कैसा कार्य और कैसे प्रगति होगी·